No. of Printed Pages : 4

ई.एच.डी.-2

00278

स्नातक उपाधि कार्यक्रम

सत्रांत परीक्षा

जून, 2010

ऐच्छिक पाठ्यक्रम : हिन्दी

ई.एच.डी.-2 : हिन्दी काव्य

समय : 3 घण्टे *अधिकतम अंक : 100*

(कुल का 70%)

नोट : ***प्रथम** प्रश्न **अनिवार्य** है। शेष **किन्हीं चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

---

1. निम्नलिखित पद्यांशों में ***किन्हीं तीन*** की सन्दर्भ-सहित व्याख्या कीजिए : **12x3=36**

(a) निसिदिन बरसत नैन हमारें।

सदा रहति पाबस ऋतु, हम पै जब तें स्याम सिधारे।

हग अंजन लागत नहीं कबहूँ, उर कपोल भए कारे।

कंचुकि नहिं सूखत सुनु सजनी ! उर बिच बहत पनारे।

सूरदास प्रभु अम्बु बढ़्यौ है, गोकुल लेहु उबारे।

कहँ लौं कहौं स्यामघन सुन्दर, बिकल होत अति भारे।

(b) सकुचि सप्रेम बाल मृग नयनी। बोली मधुर बचन पिक बयनी।

सहज सुभाय सुभग तन गोरे। नामु लखनु लघु देबर मोरे।

बहुरि बदन बिधु अंचल ढाँकी। पिय तन चितहुँ भौंह करि बाँकी।

खंजन मंजु तिरीछे नयननि। निज पति कहेहु तिन्हहिं सिय सयननि।

भई मुदित सब ग्राम बधूरी। रंकन्हराय रासि जनु लूटी।

(c) या जगजीवन को है यहै फल, जो छल छाँड़ि भजै रघुराई।

सोधि कै सन्त महन्त हूँ को, पदमाकर बात यहै ठहराई।

ह्वै रहि होनि प्रयास बिना, जनिहोनि न ह्वै सकै कोटि उपाई।

जो विधि भाग मैं लीकि लिखी, न बढ़ाई बढ़ै न घटै न घटाई।।

(d) बीती विभावरी, जाग री।

अम्बर पनघट में डुबो रही तारा-घट ऊषा नागरी।

खगकुल कुल-कुल-सा बोल रहा

किसलय का अंचल डोल रहा

लो यह लतिका भी भर लाई मधु मुकुल नवल रस गागरी।

अधरों में राग अमन्द पिये

अलकों में मलयज बन्द किये

तू अब तक सोयी है आली, आँखों में भरे विहाग री।

(e) फूल लाया हूँ कमल के, क्या करूँ इनका?
पसारें आप आँचल, छोड़ दूँ, हो जाए जी हल्का।
किन्तु क्या होगा कमल के फूल का?
कुछ नहीं होता किसी की भूल का
मेरी कि तेरी हो
ये कमल के फूल केवल भूल हैं
भूल से आँचल भरूँ ना
गोद में इनको सँभाले
मैं वजन इनके मरूँ — ना।
ये कमल के फूल लेकिन मानसर के हैं
इन्हें हूँ बीच से लाया
न समझो तीर पर के हैं।

2. आदिकाव्य की शिल्पगत विशेषताएँ बताइये। 16

3. कबीर काव्य के सामाजिक पक्ष का उद्‌घाटन कीजिए। 16

4. जायसी के रहस्यवाद का स्वरूप स्पष्ट कीजिए। 16

5. भारतेन्दु युगीन हिन्दी काव्य की सामान्य प्रवृत्तियों पर प्रकाश डालिए। 16

6. महादेवी वर्मा के काव्य में व्यक्त विरह-वेदना पर प्रकाश डालिए। 16

7. 'नयी कविता' के शिल्पविधान पर एक निबन्ध लिखिये। 16

8. प्रगतिवादी कवि के रूप में नागार्जुन का मूल्यांकन कीजिए। 16

9. "कुरुक्षेत्र की केन्द्रीय संवेदना युद्ध की समस्या है।" सिद्ध कीजिए। 16

10. निम्नलिखित में से ***किन्हीं दो*** पर टिप्पणी लिखिए : 2x8=16

(a) ढ़ोला मारू रा दूहा

(b) मीरां की भक्ति - भावना

(c) द्विवेदीयुगीन काव्य

(d) छायावाद

(e) सर्वेश्वर का काव्य